हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 17 जुलाई 2026

9 ढाणी रायपुर में पंचायती कार्यों में भेदभाव, एडीसी ने...



10 भाखड़ा पाइप लाइन पर टी-कनेक्शन का काम शुरू...



## खबर संक्षेप

### नगर निगम ने 4 दुकानदारों के किए 20 हजार के चालान

**हिसार।** नगर निगम ने स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। निरीक्षण अभियान के दौरान एएसआई राहुल सैनी और एएसआई राहुल पंवार ने ऑटो मार्केट में खुले में कचरा डालने वाले चार दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की। प्रत्येक दुकानदार पर 5-5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया, जिससे कुल 20 हजार रुपये के चालान किए गए। एएसआई विजेता ने राजगुरु मार्केट में एक होटल कर्मचारी को खुले में कचरा डालते पाए जाने पर संबंधित होटल का 5 हजार रुपये का चालान किया गया। इसके अलावा तलाकी गेट के समीप एक दुकानदार द्वारा गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करके डोर-टू-डोर वाहन में न डालने पर 200 रुपये का चालान किया गया।

### 40.15 ग्राम हेरोइन के साथ आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** सीआईए मिलगेट पुलिस टीम ने एक आरोपी को 40 ग्राम 15 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए मिलगेट प्रभारी उप निरीक्षक संजीव ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक विक्रांत अपनी टीम के साथ अपराधों की रोकथाम एवं नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए जहाजपुल प्रताप नगर गश्त एवं निगरानी पर थे। इसी दौरान प्राप्त सूचना के आधार पर प्रताप नगर निवासी रूपेंद्र उर्फ धोलू को काबू करके तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 40 ग्राम 15 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुआ। उस पर शहर थाना में केस दर्ज कर लिया गया है।

**नाराजगी:** नारनौंद में बिजली निगम कार्यालय पर फूटा राजथल के ग्रामीणों ने का गुस्सा

# लो वोल्टेज से तंग होकर रात को जाम सुबह एसडीओ दफ्तर पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

उपमंडल के गांव राजथल में कई महीनों से बनी कम वोल्टेज की समस्या को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा आखिरकार सड़कों पर फूट पड़ा। समस्या का समाधान न होने से नाराज ग्रामीण गुरुवार सुबह बड़ी संख्या में बिजली निगम कार्यालय पहुंच गए और वहां धरना शुरू कर दिया। इस दौरान महिलाओं ने एसडीओ के कार्यालय में बैठकर विरोध दर्ज कराया। इससे पहले ग्रामीणों ने बुधवार रात हांसी-चंडीगढ़ मार्ग पर जाम लगाकर बिजली निगम के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और अधिकारियों से बातचीत कर जल्द समाधान का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।





नारनौंद। एसडीओ के कमरे पर कब्जा जमाकर बैठीं ग्रामीण महिलाएं और निगम कार्यालय में बातचीत करते ग्रामीण।

### नहीं हो रहा समाधान

ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले कई महीनों से गांव में कम वोल्टेज के कारण लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। बिजली के उपकरण खराब हो रहे हैं और भीषण गर्मी में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि पहले गांव को नारनौंद बिजली घर से आपूर्ति मिलती थी, जिससे पर्याप्त वोल्टेज रहती थी। लेकिन बाद में लाइन को बुडाना बिजली घर से जोड़ दिए जाने के बाद से समस्या लगातार बनी हुई है। कई बार अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया।

### 15 दिन में समाधान के आश्वासन पर माने

धरने के दौरान थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से शांतिपूर्वक बातचीत की। बिजली निगम के एक्सईएन ने भी फोन पर प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण अपनी पुरानी मांग पर अड़े रहे कि गांव की बिजली आपूर्ति दोबारा नारनौंद से ही जोड़ी जाए। इसके बाद बिजली निगम के अधिकारियों ने नारनौंद से राजथल तक लाइन का सर्वे कराया। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर एसडीओ शिवा ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि अगले 15 दिनों के भीतर गांव की लाइन नारनौंद से जोड़ने की प्रक्रिया पूरी कर दी जाएगी। इस आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने अपना धरना समाप्त कर दिया।

### नारनौंद से जोड़ दी जाएगी लाइन

इस संबंध में बिजली निगम नारनौद के एसडीओ प्रदीप हुड्डा ने बताया कि गांव में कम वोल्टेज की समस्या है। उनकी लाइन को नारनौंद से जोड़ दिया जाएगा। तब तक गांव को 20 घंटे बिजली की सप्लाई दी जाएगी।

## इंतकाल के नाम पर रिश्वत लेने के दोषी पटवारी को सुनाई 4 साल कैद की सजा

**हिसार।** अदालत ने इंतकाल के नाम पर पांच हजार रुपये की रिश्वत लेने के मामले में दोषी पटवारी बरवाला के ढाड निवासी मनजीत को चार साल की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 9000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। बता दें कि पुलिस ने जनवरी 2023 में विजिलेंस ने पटवारी मनजीत के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया था और अदालत ने बुधवार को पटवारी को दोषी करार दिया था। अदालत में चले अभियोग के अनुसार खरड़-अलीपुर निवासी किसान आशीष ने विजिलेंस ब्यूरो को दी कि उसे किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिए जमीन का इंतकाल दर्ज करवाना था। इसके लिए उसने पटवारी मनजीत से संपर्क किया। पटवारी ने इंतकाल करवाने के लिए 5 हजार रुपये रिश्वत मांगी। विजिलेंस ने शिकायत पर डीएसपी गौरव के नेतृत्व में टीम का गठन किया था। टीम ने शिकायतकर्ता को पाउडर लगे हुए 500-500 रुपये के नोट दिए थे। जैसे ही शिकायतकर्ता ने पटवारी को रुपये दिए तो विजिलेंस ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर रिश्वत की राशि बरामद कर ली।

## फ्लेमिंगो की दीवार के पास ग्रिल में फंसा मिला व्यक्ति का शव, नहीं हो पाई पहचान



**हिसार।** कैमरी रोड पर फ्लेमिंगो टूरिस्ट कॉम्पलैक्स की दीवार के पास गुरुवार सुबह साढ़े 8 बजे एक 40-45 वर्षीय व्यक्ति का शव संदिग्ध हालात में अर्धनग्न हालत में मिला। उसका दायां हाथ लोहे की ग्रिल में फंसा हुआ था और शव वहीं लटक रहा था।सूचना पाकर पीएलए पुलिस चौकी प्रभारी अनूप और सीन ऑफ क्राइम की टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। शुरुआत में स्थानीय लोगों द्वारा बिजली का करंट लगने से मौत की आशंका जताई जा रही थी, लेकिन बिजली निगम के वरिष्ठ अधिकारी और पुलिस की जांच में करंट लगने के कोई सबूत नहीं मिले हैं। पुलिस के अनुसार, प्राथमिक जांच में सामने आया है कि व्यक्ति दिमागी तौर पर कमजोर था और रात के समय ग्रिल पर चढ़ते वक्त उसका हाथ उसमें फंस गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पहचान के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा।





हांसी। घटनास्थल पर जांच करते पुलिस अधिकारी व विकास का फाइल फोटो।

# सड़क हादसे में युवक की मौत परिजनों ने कहा- हुई है हत्या

- पत्नी से चल रहा था तलाक का मामला, 5 अगस्त को थी अगली सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोरखी गांव के समीप हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार 31 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बहादुरगढ़ निवासी विकास के रूप में हुई है। हालांकि, परिजनों ने इसे महज सड़क दुर्घटना मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। जानकारी के अनुसार बुधवार रात करीब साढ़े आठ बजे विकास अपनी बाइक पर सवार होकर गांव जा रहा था। कि इसी दौरान सोरखी गांव के पास उसकी बाइक की ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक घायल विकास को लेकर तुरंत सोरखी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचा, जहां से उसे न्यायिक अस्पताल हांसी रेफर किया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

परिजनों ने बताया कि विकास का पत्नी के साथ तलाक का केस चल रहा था। जिसकी अगली सुनवाई 5 अगस्त को होनी थी। सुनवाई से पहले विकास की इस तरह संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत कई सवाल खड़े करती है।

### जानिए... कैसे हुआ संदेह

मृतक के बड़े भाई निरंजन ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने पर जब वे मौके पर पहुंचे तो ट्रक के अंदर घुसी बाइक की स्थिति देखकर उन्हें संदेह हुआ। उनका कहना है कि बाइक इतनी बुरी तरह क्षतिग्रस्त नहीं थी कि उससे इतनी गंभीर दुर्घटना हो सके। उन्होंने यह भी दावा किया कि ट्रक पर खून के कोई स्पष्ट निशान नहीं मिले, जिससे उन्हें घटना पर संदेह हुआ।

### किसी ने नहीं उठाया फोन

निरंजन के अनुसार, विकास का दो वर्षीय बेटा अपनी मां के साथ रह रहा है। आरोप है कि हादसे की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने ससुराल पक्ष के लोगों को करीब 100 बार फोन किए, लेकिन किसी ने कॉल रिसीव नहीं की। उनका कहना है कि व्हाट्सएप पर संदेश पढ़े जाने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिला, जिससे उनका शक और गहरा हो गया। विकास दो भाइयों में छोटा था। परिवार मूल रूप से भिवानी के निगाना खुर्द का निवासी है और वर्तमान में बहादुरगढ़ में रह रहा था। उसके पिता दलबीर सिंह बैंक से सेवानिवृत्त मैनेजर हैं। विकास प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था

### ट्रक चालक खुद घायल को अस्पताल लाया : एसआई

जांच अधिकारी एसआई रवि ने बताया कि मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत होता है। ट्रक चालक घायल को खुद अस्पताल ले गया था। परिजनों की आशंका को गंभीरता से लिया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, घटनास्थल से मिले साक्ष्यों, तकनीकी जांच और अन्य तथ्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच की जाएगी।





मेंढकी के बच्चे ने एक दिन आसमान में हवाई जहाज को उड़ते देखा। वह अपनी मां से हवाई जहाज में बैठने की जिद्द करने लगा। मेंढकी मां ने बहुत समझाया कि हवाई जहाज सिर्फ इंसानों के बैठने के लिए होता है, लेकिन बच्चे ने हवाई जहाज में बैठने की रट लगाए रखी। आखिर मेंढकी मां ने बच्चे की जिद्द पूरी की, बहुत ही मजेदार ढंग से।

# मेंढकी के बच्चे ने की हवाई जहाज की सैर!

गुजराती कहानी

पुष्पा अंताणी

एक मेंढकी थी। उसका एक बच्चा था। मेंढकी और उसका बच्चा एक तालाब के किनारे रहते थे। बरसात के दिन आ गए थे, इसलिए मेंढकी को बहुत काम करने पड़ते थे। बच्चा अपनी मम्मी के इर्द-गिर्द खेला करता था। बच्चा बड़ा शैतान था। सारा दिन यहां-वहां नाचता-कूदता रहता था। वह जिद्दी भी बहुत था। कोई भी बात उसके मन में बैठ जाती तो वह उस बात को मनवा कर ही छोड़ता था।

एक दिन बच्चा तालाब किनारे खेल रहा था। तभी उसने अजीब-सी आवाज सुनी। आवाज आकाश से आ रही थी। बच्चे ने ऊपर आकाश की ओर देखा, एक हवाई जहाज उड़ रहा था।

बच्चे ने अपनी मम्मी से पूछा, 'मां... मां... वह ऊपर क्या उड़ रहा है?'

मेंढकी मम्मी ने बताया, 'वह तो हवाई जहाज है।'

बच्चा बोला, 'मां, मुझे हवाई जहाज में बैठना है।'

मेंढकी मम्मी बोली, 'तुम पागल हो गए हो क्या? हवाई जहाज में तो इंसान बैठते हैं, हम नहीं बैठ सकते।'

बच्चे ने जिद्द पकड़ ली, 'हम क्यों नहीं बैठ सकते? मुझे तो हवाई जहाज में बैठना ही है।' यह कहते हुए वह जोर-जोर से रोने लगा। मां ने उसे बहुत समझाया, पर वह तो रोते ही जा रहा था। कुछ भी करो, शांत ही नहीं हो रहा था। मेंढकी सोचने लगी कि अब वह क्या करे?



तभी एक बकरी वहां से गुजरी। मेंढकी ने बकरी से कहा, 'बकरी बहन... बकरी बहन... मेरे बच्चे को हवाई जहाज में बैठना है।'

उसकी बात सुनकर बकरी जोर से हंस पड़ी, बोली,'तुम्हारे बच्चे में अक्ल नहीं है, वह हवाई जहाज में थोड़े ही बैठ सकता है।'

इतना कहकर बकरी वहां से चली गई।



बच्चा रोते ही जा रहा था। मेंढकी ने दूर से एक गाय को आते हुए देखा। वह कूदती हुई गाय के पास गई और बोली, 'गाय मौसी... गाय मौसी... मेरे बच्चे को हवाई जहाज में बैठना है।'

गाय को पहले तो बात समझ में ही नहीं आई। बाद में जब समझ में आया कि मेंढकी क्या कह रही है, तो वह 'भां... भां...' करते हुए जोरों से हंस पड़ी।

गाय बोली, 'तू पागल, तेरा बच्चा भी पागल। तेरा बच्चा हवाई जहाज में कैसे बैठ सकता है?'

इतना कहकर गाय भी वहां से चली गई।

एक घोड़ा घास खा रहा था। मेंढकी ने घोड़े को भी यही बात बताई। यह सुनकर घोड़ा मेंढकी पर गुस्सा हो गया। वह बोला, 'दुबारा ऐसी फिजूल की बात मेरे सामने मत करना। तेरा बच्चा हवाई जहाज में नहीं बैठ सकता।'

तालाब किनारे एक पेड़ पर बंदर रहता था। मेंढकी ने बंदर से भी विनती की, 'बंदर भैया, मेरा बच्चा सुबह से रोए जा रहा है। उसे हवाई जहाज में बैठना है। आप मेरी मदद करो ना।'

मेंढकी मम्मी की बात सुनकर बंदर हंसते-हंसते पागल हो गया। वह इतना हंसा कि जवाब भी नहीं दे पाया।

मेंढकी मम्मी हताश हो गई। सोचने लगी कि अब वह क्या करे? बच्चा किसी भी तरह मान नहीं रहा था। वह अधिक जोर से रोने लगा था। मेंढकी मम्मी को चिंता हुई कि बच्चा इतना रोएगा तो कहीं कुछ बुरा न हो जाए। वह भी रोने लगी।

तभी उसे 'गूंन... गूंन... गूंन' जैसी आवाज सुनाई दी। यह आवाज सुनकर बच्चा भी शांत हो गया। मेंढकी ने देखा तो एक भंवरा उड़ता हुआ आ रहा था। मेंढकी ने उसे रोका,'भंवरा, भंवरा, मेरी बात सुन।'

भंवरा रुक गया, उसने पूछा, 'क्या बात है?'

'देख, मेरे बच्चे को हवाई जहाज में बैठना है। मैं उसे हवाई जहाज में कैसे बिठा सकती हूं? अगर तू मेरी मदद करे तो यह काम हो सकता है।' मेंढकी ने भंवरे से आग्रह किया।

भंवरा बोला, 'मैं तेरी क्या मदद कर सकता हूं?'

मेंढकी मम्मी ने कहा, 'भंवरे, तू ही उसका हवाई जहाज बन जा। अगर तू मेरे बच्चे को अपने ऊपर बिठा कर उड़ता हुआ थोड़ी दूर तक घुमा ले आएगा तो उसे लगेगा कि वह हवाई जहाज में बैठकर आया है।'

पहले तो भंवरे ने मेंढकी की बात हंसी में उड़ा दी, पर जब मेंढकी ने बहुत विनती की तब वह बोला, 'ठीक है, मैं तेरे बच्चे का हवाई जहाज बनकर घुमा लाऊंगा, पर उसके बदले में तुझे भी मेरा एक काम करना होगा।'

मेंढकी मम्मी बोली,'तू जो बोलेगा वह सब मैं करूंगी।'

भंवरे ने कहा, 'सुन, अब बारिश के दिन आ गए हैं। इस मौसम में मैं पूरा दिन 'गूंन गूंन गूंन' की आवाज करता हुआ उड़ता रहता हूं, पर जब रात होती है तो मुझे बहुत डर लगता है। चारों ओर इतना सन्नाटा होता है कि मुझे डर लगता है। इसलिए जब बारिश हो, तब तू पूरी रात जाग कर आवाज करते रहना। तेरी आवाज सुनकर मुझे डर नहीं लगेगा। बोल, अगर मेरी यह बात तुझे मंजूर है तो मैं तेरे बच्चे का हवाई जहाज बनने के लिए तैयार हूं।'

मेंढकी मम्मी हंसते हुए बोली, 'बस, इतनी सी बात! तेरी शर्त मुझे मंजूर है।'

भंवरे ने कहा, 'तब तो मैं भी तेरे बच्चे का हवाई जहाज बनने के लिए तैयार हूं।'

मेंढकी मम्मी ने अपने बच्चे को भंवरे की पीठ पर बिठा दिया और भंवरा हवाई जहाज की तरह हवा में उड़ने लगा। कभी दाएं तो कभी बाएं, कभी ऊपर तो कभी नीचे। भंवरा हवाई जहाज की तरह 'गूंन गूंन गून' आवाज भी कर रहा था। मेंढकी के बच्चे को बहुत मजा आ रहा था। भंवरे ने बहुत सारे चक्कर लगाने के बाद बच्चे को नीचे उतारा।



'मां... मां... मुझे हवाई जहाज में बहुत मजा आया।' ऐसा कहते हुए वह अपनी मां से लिपट गया।

'भंवरा अंकल, थैंक्यू!' बच्चे ने भंवरे से कहा।

भंवरे ने मेंढकी से कहा, 'हमारी बात याद है ना? अब तू भी मेरा काम करने के लिए तैयार हो जा।'

उसी दिन बहुत बारिश हुई। रात में मेंढकी बारिश में पूरी रात 'ड्रांव-ड्रांव' बोलती रही। आगे भी वह रात में बारिश होने पर 'ड्रांव-ड्रांव' करती ताकि भंवरा डरे नहीं। दोनों बहुत अच्छे दोस्त हो गए। मेंढकी का बच्चा अकसर भंवरे की पीठ पर बैठकर हवाई जहाज की सैर का मजा लेता। *

**अनुवाद: सेतु अंताणी**



सभी इमेज एआई

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## काले बादल

बन सैलानी,
ले कर पानी,
फिर आए हैं काले बादल।
रौब जमाते,
शोर मचाते
घिर आए हैं काले बादल।
हाथापाई,
चोर सिपाही
खेल कर रहे काले बादल।

हाथ मिला कर
गले लगा कर
मेल कर रहे काले बादल।
हवा ने डांटा,
मारा चांटा
लौटे रो कर काले बादल।
घर-आंगन को,
वन-उपवन को
गए भींगो कर काले बादल।



एआई इमेज

## हंसगुल्ले

**टिंकू (रिंकू से):** तुम्हारी बेतुकी बातों से मेरा दिमाग खराब हो गया है। मैं तुम्हारे घर आ रहा हूं।
**रिंकू:** अरे! तब तुम मेरे घर नहीं, मेरे मामा जी के घर जाओ।
**टिंकू:** क्यों?
**रिंकू:** क्योंकि वो दिमाग के डॉक्टर हैं।
**- संगीता, बिलासपुर**

**रोहन:** क्या जुबान के भी पैर होते हैं?
**सोहन:** नहीं।
**रोहन:** फिर मम्मी क्यों कहती हैं कि तेरी जुबान दिन भर चलती रहती है?
**- उमेश, जबलपुर**

**डॉक्टर:** मिक्की, इस दवाई को दिन में चार चम्मच लेना।
**मिक्की:** फिर तो मैं यह दवा नहीं पी पाऊंगी।
**डॉक्टर:** वो क्यों?
**मिक्की:** मेरे घर में तो सिर्फ दो चम्मच ही हैं।
**- कविता, दुर्ग**

## जीके क्विज-214

1. भारत के 98 वें शतरंज ग्रैंड मास्टर कौन बन गए हैं?
2. पृथ्वी अपने अक्ष पर कितने डिग्री झुकी हुई है?
3. किस देश की टीम ने महिला टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता?
4. देश के वर्तमान सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री कौन हैं?
5. जल का रासायनिक सूत्र क्या है?
6. गौतम बुद्ध का जन्म कहां हुआ था?
7. मानव शरीर की सबसे बड़ी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
8. भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव क्या है?
9. हाल में ही किस युद्धपोत को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया?
10. 'सत्यमेव जयते' का आदर्श वाक्य किस उपनिषद से लिया गया है?



**बच्चो, जीके क्विज-214 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-213 का उत्तर :** 1 इंडोनेशिया, 2.आशुतोष दीक्षित, 3.हर्षवर्धन जीबी, 4.इंग्लैंड, 5.कलिंग युद्ध, 6.उपराष्ट्रपति, 7.हीमोग्लोबिन, 8.नाइट्रस ऑक्साइड, 9.करमचंद गांधी, 10.विटामिन-ए

**जीके क्विज-213 का सही उत्तर देने वाले :** दीक्षिता-बादली, सचिन-बिलासपुर, कोमल-गरियाबंद, तुषार-सारंगढ़ बिलाईगढ़, सूरज-रायगढ़, सपना-खैरागढ़, अजय-रायपुर, रोहन-बालोद, कबीर-हिसार, कुणाल-बलौदा बाजार, रिया-दुर्ग

एडवाइस

डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, पढ़ाई में अच्छे होने के साथ तुम्हारा कम्युनिकेशन स्किल भी बेहतर होना चाहिए। सही ढंग से बोलना, किसी की बात को ध्यान से सुनना और प्रभावी हाव-भाव रखना, तुम्हें हर जगह कॉन्फिडेंस के साथ आगे बढ़ने में मदद करेगा। बच्चो, छोटी- छोटी बातें ध्यान में रखकर तुम अपना कम्युनिकेशन स्किल इंप्रेसिव बना सकते हो।

## बनो अच्छे कम्युनिकेटर जीतो सबका दिल







बच्चो, स्कूल खुल चुके हैं। नए सेशन की शुरुआत हो चुकी है। धीरे-धीरे तुम्हारी पढ़ाई भी रफ्तार पकड़ने लगेगी। अपने आपसे प्रॉमिस करो कि इस वर्ष पढ़ाई के साथ ही तुम्हें अपने कम्युनिकेशन को भी सुधारना है। क्लासरूम हो या घर, अच्छे से कम्युनिकेट करना सीखो। इसे अपनी आदत बनाओ। छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देकर अपने कम्युनिकेशन को बेहतर बनाया जा सकता है। खुद को प्रभावी ढंग से एक्सप्रेस करने का अंदाज पढ़ाई, स्कूल के प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन और पर्सनल इंप्रूवमेंट तक हर क्षेत्र में काम आता है।

**समझो प्रभावी कम्युनिकेशन:** टीचर, रिलेटिव्स या तुम्हारे फ्रेंड्स के भैया-दीदी या दूसरे कुछ लोगों से बातचीत करना अच्छा लगता है ना! उनका बातचीत का अंदाज इतना इंप्रेसिव होता है कि तुम मन से उनकी बातें सुनते हो। उनकी कही बातों को अच्छे से समझ पाते हो। असल में किसी इंसान द्वारा अपने विचारों और जानकारियों को स्पष्टता और सही ढंग से समझा पाना ही प्रभावी कम्युनिकेशन का सबसे अहम पहलू है। अच्छे से कम्युनिकेट करना केवल बोलना नहीं होता। यह सही ढंग से बातचीत करने का सधा हुआ तरीका होता है।

**प्रभावी कम्युनिकेशन के फायदे:** अगर तुम अच्छे से संवाद करोगे, सही ढंग से अपनी बात रखोगे, तो यह स्कूल के कार्यक्रम में भागीदारी से लेकर सहज जीवन में भी तुम्हें काम आएगा। कम्युनिकेशन स्किल अच्छी होगी तो तुम मम्मी-पापा को अपनी उलझन, कुछ नया सीखने की योजना या अपने एक्सपेक्टेशंस भी अच्छे से बता पाओगे। ऐसे में पैरेंट्स के लिए भी तुम्हारे दिल की बात समझना आसान होगा। साथ ही तुम्हारे दिमाग की किसी उलझन को भी घर के बड़े बिना किसी गलतफहमी के सही ढंग से जान पाएंगे।

**कम्युनिकेशन में हाव-भाव की भूमिका:** अच्छे कम्युनिकेशन के लिए जरूरी है कि अपने हाव-भाव को समझो। कई बार हमारे शब्द और बॉडी लैंग्वेज अलग-अलग होते हैं। इस स्थिति में कही गई बात सही तरीके और सही मीनिंग के साथ सामने वाले इंसान तक नहीं पहुंचती। कई बार कम्युनिकेशन की प्रक्रिया में 50 प्रतिशत से अधिक तो बॉडी लैंग्वेज की ही भूमिका होती है। बातचीत के दौरान अगर आइ-कॉन्टेक्ट, बॉडी पोश्चर और आवाज का टोन शब्दों से मेल नहीं खाता तो सुनने वाले को प्रभावित नहीं किया जा सकता। तुम्हारे ही हाव-भाव कंफ्यूजिंग होंगे तो सामने बैठे लोगों तक पहुंचते-पहुंचते शब्दों का अर्थ ही अलग हो जाएगा। सोचो, कोई व्यक्ति हैप्पी रहने की बात समझाते हुए सीरियस रहे तो कितना अजीब लगेगा ना। बच्चो, सही ढंग से और प्रभावी हाव-भाव के साथ बात करने वाले सबका दिल जीतते हैं।

**माइंडफुल लिसनिंग है जरूरी:** प्रभावी कम्युनिकेशन का मतलब अपनी बात कहना भर नहीं होता। जैसे अपने बड़ों से बात करते हुए ही नहीं, छोटे भाई-बहनों, फ्रेंड्स या क्लासमेट्स से बातचीत करते हुए भी सही रेस्पॉन्स देना जरूरी है। सामने वाले की बात को बीच में काटे बिना हाव-भाव से यह बताना आवश्यक है कि तुम उनकी बात समझ रहे हो। इसके लिए माइंडफुल लिसनिंग सबसे ज्यादा जरूरी है। साथ ही सामने वाले की बात सुनने के बाद थोड़ा सोचकर बोलने के लिए भी पहले उसे सही ढंग से सुना जाना जरूरी है। क्लास में टीचर्स के सवालों का जवाब देना हो या किसी कार्यक्रम में भागीदारी करना। हर समय पहले कही जा रही बात, प्रश्न या सलाह को ठीक से सुनने की आदत बनाओ। अच्छे से सुनना अपने कम्युनिकेशन को बेहतर बनाने का बेहद जरूरी पहलू है। इस पर हमें जरूर ध्यान देना चाहिए। *

### ऐसे सुधारो अपने हाव-भाव

**तुम खुद** को बोलते हुए मिरर में देखकर और दूसरे लोगों को बोलते हुए ध्यान से देख-सुनकर सही हाव-भाव सीखने की कोशिश कर सकते हो। इसके लिए मम्मी-पापा से अपना वीडियो बनवाकर भी प्रैक्टिस कर सकते हो। इस मामले में बड़ों का फीडबैक बहुत हेल्प करता है। उनकी सलाह लेकर तुम भी अपनी कमियां सुधार सकते हो। बच्चो, किसी खास अवसर पर ही नहीं, आम जीवन में भी सही एक्सप्रेशन के साथ किया गया संवाद बहुत प्रभावी होता है।

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## जानो पिनकोड की कहानी

बच्चो, तुमने देखा होगा कि पत्र में जहां पर पता लिखा होता है, उसके अंत में छह अंकों की एक संख्या लिखी होती है, इसे पिनकोड कहते हैं- पोस्टल इंडेक्स नंबर। यह अलग-अलग छह अंकों का नंबर, डाक विभाग की पहचान से जुड़ा होता है। डॉ. विमला भंडारी लिखित किताब 'छह अंकों का जादू' (पिनकोड की कहानी) में पिन कोड के बारे में बहुत ही रोचक ढंग से एक कहानी के रूप में जानकारी दी गई है।





सुनीता के हाथ में एक कागज का टुकड़ा देखकर उसकी दोस्त वनिता पूछती है कि यह चिट्ठी बिना रास्ता पूछे घर कैसे पहुंच गई? यह जानने के लिए दोनों दोस्त डाकघर जाती हैं, जहां उन्हें पिनकोड के बारे में जानकारी मिलती है। घर पहुंचकर सुनीता अपने पिताजी से जब पिनकोड के बारे में पूछती है तो वह और विस्तार से बहुत सरल तरीके से बताते हैं कि पिनकोड का पहला, दूसरा, तीसरा और आखिरी के तीन अंकों की सहायता से कैसे अमुक व्यक्ति तक उसका पत्र पहुंच जाता है। इस तरह पत्र के पते में पिनकोड लिखा होने से चिट्ठियां गुम नहीं होतीं। अब तो ऑनलाइन ऑर्डर में भी पिनकोड लिखना जरूरी होता है। किताब में यह भी जानकारी दी गई है कि पिनकोड की खोज श्रीराम भिक्षु चक्रवर्ती ने की थी। पुस्तक में पिनकोड पर लिखी ये पंक्तियां भी मजेदार हैं- 'छह अंकों का पिन है प्यारों/रास्ता दिखलाए सही-सही।/डाक-संदेश पहुंचा दे यारों/चिट्ठी-पार्सल को गली-गली।' *

**किताब** : छह अंकों का जादू (पिनकोड की कहानी), **लेखिका**: डॉ. विमला भंडारी, **मूल्य**: 135 रुपए, **प्रकाशक**: द बिट्स, जयपुर (राजस्थान)

## रंग भरो-206

**रंग भरो-206** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





**अगमजोत, कोंडागांव**



आशुतोष, उमरिया



ईशानी, बिलासपुर



दिव्या, बिलासपुर



प्रत्यूष, कोरबा



याचना, गरियाबंद

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

कृष्ण-रायपुर, आशना-जांजगीर, कविता-रायपुर, हर्ष-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, संपत-जांजगीर, सरल-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रोहित-करनाल, विकास-बिलासपुर, रचना-कोरबा

## रंग भरो 207



बच्चो, यहां दिए गए क्यूट-से ब्लैक एंड व्हाइट चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों की दी जानकारी

**हांसी।** सड़क सुरक्षा के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से हांसी पुलिस ने पुलिस स्टूडेंट कैडेट्स (पीएससी) कार्यक्रम के तहत गुरुवार को गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों, सड़क संकेतों और सुरक्षित यातायात के व्यवहारिक पहलुओं की जानकारी दी गई।

### विद्यार्थियों को किया योग अपनाने के लिए प्रेरित

**हांसी।** भारत स्वाभिमान न्यास की ओर से गुरुवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों को योग और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में योग के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक लाभों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से इसे दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया गया। भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी राजीव कुमार ने विद्यार्थियों को कमर सीधी रखकर बैठने, प्रतिदिन योग करने और मोबाइल फोन के अनावश्यक उपयोग से बचने की सलाह दी।

### दिव्यांग केंद्र में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आज

**हिसार।** हरियाणा भारत विकास फाउंडेशन दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में अपना कीर्तन परिवार द्वारा 17 जुलाई को निशुल्क नेत्र जांच एवं फ्री नेत्र ऑपरेशन शिविर लगाया जाएगा। यह शिविर प्रातः 10 बजे शुरू होगा और सायं 4 बजे तक जारी रहेगा। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष डॉ. रोशनलाल गोयल, कार्यकारी अध्यक्ष सीए रामनिवास अग्रवाल व सचिव मांगेराम गुप्ता ने बताया कि इस शिविर में दिव्यांग केंद्र के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा मरीजों की निशुल्क नेत्र जांच करके आधुनिक ऑपरेशन थियेटर में फ्री नेत्र ऑपरेशन किए जाएंगे। इसके साथ ही यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी।

### आरोही स्कूल की बिजली शहरी फीडर से जुड़ी

**उकलाना।** आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल उकलाना गांव में अब बिजली की आपूर्ति शहरी फीडर जुड़ गई है। इसके लिए स्कूल प्रबंधन समिति व विद्यालय प्रशासन ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, बिजली मंत्री अनिल विज, पूर्व मंत्री अनूप धानक व पूर्व चैयरमेन श्रीनिवास गोयल का आभार जताया है। शहरी लाइन से बिजली आपूर्ति होने से विद्यालय के छात्रों के साथ-साथ छात्रावास में रह रही छात्राओं को इसका लाभ मिलेगा। शिक्षा विभाग द्वारा आरोही मॉडल स्कूल के प्रत्येक कक्षा कक्ष के लिए डिजिटल बोर्ड उपलब्ध करवाएं गए है जो बिना बिजली के सफेद हाथी साबित हो रहे थे।

### भाविप ने उप तहसील में लगाया 18वां वाटर कूलर

**उकलाना।** भारत विकास परिषद शाखा उकलाना द्वारा जनहित और सामाजिक सेवा के उद्देश्य से संचालित स्थायी प्रोजेक्ट 'जल ही जीवन' के अंतर्गत उप तहसील परिसर उकलाना में 18वें वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया। यह वाटर कूलर परिषद परिवार के सदस्य नवीन जैन के परिवार की ओर से मुकंदी लाल–ओम प्रकाश जैन परिवार के सौजन्य से भेंट किया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार राहुल राठी ने भारत विकास परिषद के इस सेवा कार्य की सराहना की।

### नशा मुक्त अभियान में भाग लें युवा : कोमल

**हिसार।** मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' राष्ट्रीय अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत युवाओं को नशा मुक्त भारत के निर्माण के लिए जागरूक करने के साथ-साथ उनकी रचनात्मक प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जाएगा। जिला युवा अधिकारी कोमल ने जिले के सभी युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान में भाग लेने का आह्वान किया। अभियान के अंतर्गत संगीत, नृत्य, नुक्कड़ नाटक/माइम एक्ट, पेंटिंग, वाद-विवाद, शॉर्ट फिल्म/रील, स्लोगन आदि प्रतियोगिताएं होंगी।

## समाधान शिविर में एडीसी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

# ढाणी रायपुर में पंचायती कार्यों में भेदभाव का आरोप, जांच के निर्देश

**नागरिकों की समस्याओं को समय से निपटाना सुनिश्चित करें अधिककारी : शालिनी चेतल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिला प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में वीरवार को अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने आमजन की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में ढाणी रायपुर निवासी प्रदीप द्वारा पंचायती कार्यों में भेदभाव व कब्जाधारियों द्वारा किया जा रहा अत्याचार बारे शिकायत पर एडीसी शालिनी चेतल ने डीडीपीओ को इस मामले पर आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। गांव मात्रश्याम निवासी दलीप सिंह द्वारा हरियाणा रोडवेज की बस, जो पींरावाली, सलेमगढ़, काबरेल सहित लगभग 10 गांवों से हिसार तक आती थी, उसको किन्ही कारणो से बंद कर दिया गया है जिससे ग्राम वासियों व विद्यार्थियों को आने-जाने में हो रही मुश्किलो की शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को इस इस समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।



**हिसार।** समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल।

### मां ने बेटे के खिलाफ दी शिकायत

आजाद नगर निवासी एक महिला द्वारा अपने पुत्र द्वारा लगातार की जा रही मारपीट, हिंसक व्यवहार व जान से मारने की दी जा रही धमकी की शिकायत पर एडीसी ने पुलिस विभाग को इस मामले की जांच कर शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए। महाबीर कॉलोनी एक प्रार्थी ने पोते द्वारा उनके मकान पर कब्जा करने, उनके साथ मारपीट करने व जान से मारने के धमकी देने बारे में शिकायत पर एडीसी ने एसडीएम को इस मामले की जांच कर आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। गांव बीड़ बबरान के एक बुजुर्ग निवासी की शिकायत जिसमें गांव के कुछ लोगों द्वारा उनके घर में घुस कर जानलेवा हमला करने, फसलों को खराब करने से संबंधित मामले पर एडीसी चेतल ने पुलिस विभाग को इस पर तुरंत कार्रवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम ज्योति मित्तल, नगर निगम अतिरिक्त आयुक्त प्रदीप कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### शिकायत के बाद निगम नहीं कर रहा कार्रवाई

ढाणी रायपुर निवासी प्रदीप द्वारा गांव की मुख्य गली से गुजर रही बिजली लाइन को दुरुस्त करवाने व नए पोल लगवाने बारे में दर्ज की गई शिकायत पर बिजली निगम द्वारा कोई कार्रवाई न करने की शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने निगम को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सेक्टर-3 के निवासियों द्वारा रेलवे लाइन आसपास अवैध अतिक्रमण, नशा खोरी, बिजली चोरी व अन्य अपराधों से संबंधित शिकायतों

# हर व्यक्ति को अपने आसपास स्वच्छता रखनी चाहिए : सोनू

- स्वच्छता ही स्वागत कार्यक्रम को लेकर भाजपा ने चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को प्रदेश की धरा जींद में पहुंच रहे हैं। इसी को लेकर भाजपा पार्टी ने स्वच्छता ही स्वागत अभियान के तहत पूरे प्रदेश में सफाई की जा रही है। इसी कड़ी में नारनौंद के किसान रेस्ट हाउस के बाहर अभियान के प्रदेश सह संयोजक एवं एससी कमीशन के चेयरमैन रविंद्र बलियाला, जिला संयोजक एवं जिला परिषद् के चेयरमैन सोनू डाटा सहित कार्यकर्ताओं सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान अशोक सैनी ने की। चेयरमैन ने बताया कि जींद में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश को अनेक सौगाते देने के लिए पहुंच रहे हैं इसी को लेकर भाजपा की तरफ से 13 से 18 जुलाई तक स्वच्छता ही स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि प्रदेश में आने वाले मेहमान का स्वागत स्वच्छता से किया जा सके।



**नारनौंद।** अभियान चलाकर सफाई करते हुए भाजपा कार्यकर्ता।

### जींद की धरती से 17 को लिखा जाएगा नया अध्याय : रवि सैनी



**हिसार।** हरियाणा वन विकास निगम के चेयरमैन रवि सैनी ने कहा है कि 17 जुलाई का जींद कार्यक्रम केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि विकसित हरियाणा की नई दिशा और नए विश्वास का उद्घोष होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों से देश की पहली हाइड्रोजन आधारित ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के साथ अन्य विकास परियोजनाओं का शुभारंभ प्रदेश के विकास को नई गति प्रदान करेगा। हिसार से भी हजारों की संख्या में लोग इस कार्यक्रम में प्रतिभागिता करेंगे।

## न्यूज डायरी

### 25 सड़कों के निर्माण के लिए 38.82 करोड़ मंजूर

**आदमपुर।** युवा भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई ने कहा है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने क्षेत्र की लंबे समय से लंबित 25 सड़कों के निर्माण के लिए 38.82 करोड़ की मंजूरी प्रदान कर दी है। इन कार्यों के टेंडर जल्द जारी किए जाएंगे, जिसके बाद निर्माण कार्य शुरू होगा। उन्होंने आदमपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए बड़ी विकासात्मक सौगात मिलने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया है। भव्य बिश्नोई ने कहा कि कुछ समय पूर्व उन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर आदमपुर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न जनहितकारी मांगों के साथ-साथ जर्जर और लंबित सड़कों के निर्माण का विस्तृत प्रस्ताव सौंपा था। मुख्यमंत्री ने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिया, जिससे क्षेत्र के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

### बरवाला में बनेगा 50 बेड का नया सिविल अस्पताल

**बरवाला।** क्षेत्रवासियों के लिए एक बड़ी सौगात के रूप में बरवाला में 50 बेड क्षमता वाले नए सिविल अस्पताल भवन के निर्माण को मंजूरी मिली है। भाजपा नेता व पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू ने बताया कि नए अस्पताल भवन के बनने से क्षेत्र के लोगों को आधुनिक एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी और मरीजों को इलाज के लिए अन्य शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। क्षेत्रवासियों की बहुत लंबे समय से यह मांग थी कि बरवाला शहर में एक बड़ा और सुविधाओं से सुसज्जित अस्पताल बने। क्योंकि बरवाला के आसपास बहुत बड़ा ग्रामीण क्षेत्र भी है। इस महत्वपूर्ण निर्णय पर क्षेत्र के लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा और हरियाणा सरकार का आभार व्यक्त किया।

### वृद्धाश्रम की दो मंजिलों का निर्माण कार्य पूरा

**हिसार।** मोक्ष वृद्धाश्रम की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए चौधरीवास में सेवार्थ भाव से निर्मित हो रहा आचार्य श्री विद्यासमयशरणम् मोक्ष वृद्धाश्रम का निर्माण निर्बाध गति से जारी है। इसकी दो मंजिलों का निर्माण हो चुका है और किचन व इंटीरियर का कार्य भी तीव्र गति से जारी है। इस वृद्धाश्रम के निर्माण से बुजुर्गों को सुविधाओं के साथ-साथ संपूर्ण चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध हो जाएंगी। कैमरी रोड पर स्थित मोक्ष वृद्धाश्रम, मोक्ष मंदबुद्धि महिला आश्रम व आनंदा आश्रम सफलतापूर्वक संचालित किए जा रहे हैं। इसी परिपाटी पर चलते हुए अब चौधरीवास में आचार्य श्री विद्यासमयशरणम् मोक्ष वृद्धाश्रम का निर्माण कार्य चल रहा है। उल्लेखनीय है कि मोक्ष वृद्धाश्रम के उपक्रमों में बुजुर्गों के लिए आवास, वस्त्र व भोजन की समुचित व्यवस्था निशुल्क रहती है।

### सिनेर्जी एकेडमी में दिए रोजागार के टिप्स

**हिसार।** सिनेर्जी आईएएस एकेडमी ने हाल ही में अपने विशेष इंटर्नशिप कार्यक्रम स्किल एनहांसमेंट प्रोग्राम का समापन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों के सर्वांगीण विकास, नेतृत्व क्षमता और रोजगार संबंधी कौशलों को निखारना था। इस इंटर्नशिप में क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख शिक्षण संस्थानों के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इनमें डी.एन. कॉलेज, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फतेह चंद कॉलेज फॉर विमेन और एसएमआरजे गवर्नमेंट कॉलेज, सिवानीके छात्र शामिल रहे। इस अवसर पर सिनेर्जी आईएएस एकेडमी की चेयरपर्सन मोनू चहल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को पेशेवर दुनिया की चुनौतियों के लिए तैयार करने में मील का पत्थर साबित होते हैं।

### यूरेका जूनियर में छात्र भावेश ने दिखाई चमक

**हिसार।** होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा आठवीं के छात्र भावेश ने देश के प्रतिष्ठित संस्थान ई-सेल, आईआईटी बॉम्बे द्वारा आयोजित यूरेका जूनियर नर्चर ट्रैक में सहभागिता कर अपनी रचनात्मक सोच और इनोवेटिव दृष्टिकोण का प्रदर्शन किया। यूरेका जूनियर नर्चर ट्रैक एक राष्ट्रीय स्तर का प्रतिष्ठित प्रोग्राम है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में इनोवेशन, क्रिएटिविटी, एंटरप्रेन्योरियल थिंकिंग और लीडरशिप क्वालिटीज को विकसित करना है। भावेश की इस सहभागिता ने उसकी जिज्ञासा, मेहनत और सीखने की भावना को प्रदर्शित किया है। यह उपलब्धि होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के लिए गौरव का विषय है। डायरेक्टर आरएस सिंधु ने कहा कि भावेश की यूरेका जूनियर नर्चर ट्रैक में सहभागिता हमारे लिए गर्व का विषय है। ऐसे प्रतिष्ठित प्लेटफॉर्म्स विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने, आत्मविश्वास बढ़ाने और उनमें एंटरप्रेन्योरियल माइंडसेट विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### चेयरमैन बनने पर राजेश ठकराल का स्वागत

**हांसी।** हरियाणा ट्रेड वेलफेयर बोर्ड के चेयरमैन नियुक्त होने पर राजेश ठकराल का गुरुवार को बाबा बंदा सिंह बहादुर गुरुद्वारा में स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजेश ठकराल ने गुरुद्वारा साहिब में माथा टेककर गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा प्रदेश के व्यापारियों की उन्नति, समाज की खुशहाली एवं जनकल्याण के लिए अरदास की। गुरुद्वारा प्रबंधक समिति एवं संगत की ओर से राजेश ठकराल का सिरोपा एवं सम्मान स्वरूप अभिनंदन किया गया। इस दौरान गुरुद्वारा साहिब में राजेश ठकराल के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि, दीर्घायु एवं सफल कार्यकाल के लिए विशेष अरदास की गई। इस अवसर पर सुभाष चुघ, राम प्रकाश परुथी , रविंद्र खुराना आदि रहे।

# नारनौंद से कैप्टन अभिमन्यु के नेतृत्व में पहुंचेंगे हजारों कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जींद में होने वाली आगामी रैली को लेकर कार्यकर्ताओं और आम जनता में भारी उत्साह देखा जा रहा है। जिला परिषद के चेयरमैन सोनू डाटा ने भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक रैली हरियाणा के लिए बेहद गौरवशाली क्षण होगी, जहां प्रदेश को करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात मिलेगी। सोनू डाटा ने बताया कि इस दौरान जींद से सोनीपत के बीच देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का चलना प्रदेश के नाम एक बड़ा रिकॉर्ड दर्ज करेगा। यह रैली केवल एक राजनीतिक आयोजन न होकर एक उत्सव की तरह है, जिसमें शामिल होने के लिए लोग ई-रिक्शा, सीएनजी और इलेक्ट्रिकल गाड़ियों में सवार होकर पहुंचेंगे, जो इसे प्रदेश की पहली इको-फ्रेंडली रैली बनाएगा। उन्होंने कहा की कि नारनौंद हलके से पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के कुशल नेतृत्व में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पहुंचेंगे। इस अवसर पर मार्केट कमेटी चेयरमैन उदय सिंह लोहान, महिला जिला प्रधान नीलम जांगड़ा, मंडल प्रधान कर्णपाल पेटवाड़, महावीर श्योराण, सोनू सैनी, देवेंद्र बूरा आदि रहे।



**हिसार।** भाजपा कार्यालय में बैठक करते हुए जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा व अन्य।

# प्रधानमंत्री की जींद रैली को लेकर भाजपाई उत्साहित

## पूर्व मंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भाजपा जिला कार्यालय में गुरुवार को आयोजित जनसंवाद बैठक में पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने आम नागरिकों और पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं। बैठक के प्रारंभ में देश के प्रसिद्ध उद्योगपति एवं पूर्व राज्यसभा सांसद सुभाष गोयनका के पिता, प्रख्यात समाजसेवी स्वर्गीय नंदकिशोर गोयनका के निधन पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक में डॉ. कमल गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जींद में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा हाइड्रोजन गैस से संचालित ट्रेन का शुभारंभ किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण में गुजवि के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में देखा जाएगा, जहां हिसार विधानसभा क्षेत्र के सभी वार्डों के भाजपा कार्यकर्ता टोली बनाकर पैदल एवं ई वाहनों के माध्यम से पहुंचेंगे। इस अवसर पर सुरेश गोयल धूपवाला, रामचंद्र गुप्ता, लोकेश असीजा, सुरेंद्र सैनी, राजेंद्र सपड़ा, धर्मवीर पानू, सुनील चायपत्ती, सुभाष जांगड़ा, वेद प्रकाश, केपी गुप्ता आदि रहे।



### लुवास के एनसीसी शिविर में छाए विद्यार्थी

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) में चल रहा एनसीसी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर अपने अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रहा है। वन हरियाणा आर एंड वी स्क्वाड्रन एनसीसी द्वारा आयोजित इस शिविर के नौवें दिन कैडेटों के सर्वांगीण विकास के लिए सैन्य प्रशिक्षण, शैक्षणिक व्याख्यान और रंगारंग सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर के नौवें दिन का सबसे प्रमुख और रोमांचक आकर्षण सीनियर डिवीजन (एसडी) के बालक कैडेटों के लिए आयोजित लाइव फायरिंग सत्र रहा। सेना के अनुभवी प्रशिक्षकों की कड़ी देखरेख में कैडेटों को हथियारों के सुरक्षित संचालन की बारीकियां सिखाई गईं। आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए कैडेटों के लिए विशेष स्वास्थ्य एवं प्रबंधन व्याख्यान आयोजित किए गए। दोपहर के बाद के सत्र में एनसीसी कैडेटों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां दीं।

### गुजवि के 11 एमबीए विद्यार्थी बायबिज इंफ्रा एलएलपी में चयनित

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एक बार फिर कैंपस प्लेसमेंट में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित ऑन-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में बायबिज इंफ्रा एलएलपी ने एमबीए के 11 विद्यार्थियों का चयन किया है। इस सफलता से विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट रिकॉर्ड में एक और उपलब्धि जुड़ गई है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी है। प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि इस भर्ती प्रक्रिया में कुल 24 एमबीए विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# प्रतिमाह 8000 आरटीएस कनेक्शन स्थापित करने का रखा लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने निगम के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को उपभोक्ता सेवाओं एवं विभिन्न प्राथमिकता वाले कार्यों की प्रतिदिन प्रभावी समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सेवा पोर्टल की सुरक्षा, इलेक्ट्रिक व्हीकल कनेक्शन, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत कनेक्शन तथा मुख्यमंत्री विंडो से संबंधित मामलों की नियमित मॉनिटरिंग कर उनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। प्रबंध निदेशक ने सभी अधीक्षण अभियंताओं (एसई) को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए चिन्हित भूमि का विवरण शीघ्र मुख्यालय को उपलब्ध कराएं, ताकि हरियाणा में ईवी चार्जिंग नेटवर्क के विस्तार को ओर गति मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को पीडीसीओ मामलों की नियमित समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही रूफटॉप सोलर कनेक्शनों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों की सराहना की और कहा कि वर्तमान गति को बनाए रखने के साथ-साथ इसमें और तेजी लाने की आवश्यकता है।

### एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल में पौधरोपण

**हांसी।** पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल में गुरुवार को पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के तहत विद्यालय परिसर में छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए तथा विद्यार्थियों को पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के एकेडमिक कोऑर्डिनेटर डॉ. अमित नरु, सीसीए इंचार्ज कुमारी ज्योति, अध्यापिका सुमन झांब, हेड बॉय अर्पित सिंह, हेड गर्ल जाह्नवी सहित समृद्धि, अनंता, स्पर्श, माही, निखिल, दिव्यम और अंकुश ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्राचार्या ऋतु सिंह ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जब भी कोई फल खाएं तो उसका बीज संभालकर रखें।

## समाज सेवा और सादगी को किया नमन

# स्व. नंदकिशोर गोयनका को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

एस्सेल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सुभाष चंद्रा के पिता एवं प्रख्यात समाजसेवी स्वर्गीय नंदकिशोर गोयनका को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए गुरुवार को गोयनका सदन, देवी भवन में राजनीतिक, सामाजिक, औद्योगिक और पत्रकारिता जगत की अनेक प्रमुख हस्तियां पहुंचीं। सभी ने उन्हें सादगी, समाज सेवा और मानवीय मूल्यों का प्रतीक बताते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा शोक संतप्त गोयनका परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। उधर, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने एस्सेल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सुभाष चंद्रा को उनके पिता स्वर्गीय नंदकिशोर गोयनका के निधन पर शोक संदेश भेजकर गहरी संवेदना व्यक्त की है। श्रद्धांजलि देने वालों में हरियाणा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, हिसार सांसद जयप्रकाश, भाजपा के पूर्व हरियाणा प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया, कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, आदमपुर विधायक चंद्रप्रकाश, जस्सी पेटवाड़, बीबी बत्रा, नरेश सेलवाल आदि मौजूद रहे।



**हिसार।** समाजसेवी नंदकिशोर गोयनका के निधन पर शोक जताते पूर्व सीएम भूपेंद्र

### संतोष डांग को प्रथम पुण्यतिथि पर नमन

**हिसार।** वानप्रस्थ सीनियर सिटीजन क्लब में संस्था की सम्मानित एवं समाजसेवी वरिष्ठ सदस्य स्वर्गीय संतोष डांग की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीलम परुथी ने किया। वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय संतोष डांग सरलता, विनम्रता, मृदुभाषिता, सेवा-भाव और मानवीय संवेदनाओं की प्रतिमूर्ति थीं। उनकी आत्मीय मुस्कान और स्नेहिल व्यवहार सभी के हृदयों में सदैव जीवित रहेंगे। क्लब के संरक्षक डॉ. सतीश कालरा ने संस्था की उन्नति में स्वर्गीय संतोष डांग के योगदान को स्मरण किया। क्लब के अध्यक्ष डॉ. एस. के. अग्रवाल ने कहा कि उनका सेवा-संकल्प सदैव प्रेरणा देता रहेगा। इस मौके पर सुषमा गांधी, डॉ. पुष्पा खरब, डॉ. आर. के. सैनी, डॉ. सुनीता सुनेजा, राज गर्ग, डॉ. कैलाश वर्मा, डॉ. आर. एस. हुडा, योगेश सुनेजा, डॉ. आशा कवात्रा, डॉ. इंदु गहलावत, कमला सैनी, एसपी चौधरी, शशि आर्य, डॉ. एमएस राणा, डॉ. एसएस धवन, आदेश मलिक, डॉ. कमल धवन, सुरेन्द्र भाटिया, शशी मदान, करतार सिंह, डॉ. दीप पुनिया आदि रहे।

### गुरु पूर्णिमा पर ज्ञानदीप सेवार्थ आश्रम में होगा हवन

**हिसार।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर 29 जुलाई को कैमरी रोड स्थित श्रीश्री 1008 ब्रह्मलीन श्री ओमानंद महाराज ज्ञानदीप सेवार्थ आश्रम में पूरी श्रद्धा के साथ कई धार्मिक आयोजनों के साथ मनाया जाएगा। आश्रम के गद्दीनशीन महंत राजेश्वरानंद महाराज ने बताया कि 29 जुलाई को प्रातः 8:00 बजे हवन-यज्ञ करवाया जाएगा।


**सूचना**

मैं, जयवीर पुत्र दयानन्द निवासी गांव किरमारा, तहसील व जिला हिसार बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अमरजीत पंवार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### सीआईए ने 3 किलो 6 ग्राम गांजा सहित पकड़ा आरोपी

**हिसार।** सीआईए मिलगेट पुलिस टीम ने एक आरोपी को 3 किलो 6 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए मिलगेट प्रभारी उप निरीक्षक संजीव ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक बजरंग अपनी टीम के साथ अपराधों की रोकथाम एवं नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए पीरांवाली पुल के पास गश्त एवं निगरानी पर थे। इसी दौरान सूचना के आधार पर न्योली कलां निवासी कुंदन की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 3 किलो 6 ग्राम गांजा बरामद हुआ। बरामद मादक पदार्थ कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ सदर थाना में केस दर्ज कर लिया गया है।

### एनआई एक्ट के मामले में फरार पीओ पकड़ा गया

**हिसार।** सिविल लाइन पुलिस टीम ने एनआई एक्ट के एक मामले में अदालत द्वारा उद्घोषित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मॉडल टाउन एक्सटेंशन निवासी सोहनलाल के रूप में हुई है। सिविल लाइन थाना प्रभारी पीएसआई कर्मजीत ने बताया की आरोपी के विरुद्ध एनआई एक्ट के तहत दर्ज मामले में न्यायालय में पेश न होने के कारण उसे उद्घोषित आरोपी घोषित किया गया था। इसके बाद थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। गुप्त सूचना एवं तकनीकी सहायता के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू किया गया है। उस पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### स्नैचिंग मामले में आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर लिया

**हिसार।** पुलिस चौकी 12 क्वार्टर की टीम ने स्नैचिंग के मामले में एक आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच के दौरान थाना एचटीएम में दर्ज एक मामले के आरोपी सैनियान मोहल्ला निवासी संजय उर्फ खच्चर को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने मामले में अपना अपराध स्वीकार करते हुए खुलासा किया कि उसने महिला से छीना गया मोटोरोला कंपनी का मोबाइल फोन अपने घर में छिपाकर रखा हुआ है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस टीम ने उक्त मोबाइल फोन बरामद कर लिया। पुलिस आरोपी से अन्य वारदातों के संबंध में भी गहनता से पूछताछ कर रही है।

### तीन साल से फरार पीओ गिरफ्तार, केस दर्ज

**हिसार।** फरार एवं उद्घोषित अपराधियों (पीओ) की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 12 क्वार्टर पुलिस चौकी टीम ने लगभग तीन साल से फरार चल रहे एक उद्घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पुलिस चौकी 12 क्वार्टर प्रभारी सहायक उप निराक्षक राकेश की टीम ने अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मिलगेट निवासी विकास उर्फ बच्ची को मिल गेट क्षेत्र से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी वर्ष 2021 में थाना एचटीएम में दर्ज चोरी के मामले में वांछित था। लगातार अनुपस्थित रहने पर अदालत ने उसे उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया। आरोपी पिछले लगभग तीन वर्षों से फरार चल रहा था।

---

### पानी की मांग पर चानौत में 62 दिन चला जल आंदोलन

# भाखड़ा पाइपलाइन पर टी-कनेक्शन का काम शुरू, ग्रामीणों ने सत्संग से खत्म किया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

भाखड़ा पाइपलाइन से टी-कनेक्शन की मांग पर गांव चानौत में पिछले 61 दिनों से चल रहा आंदोलन आखिरकार समाप्त हो गया। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के साथ हुई बैठक में सहमति बनने के बाद प्रशासन ने भाखड़ा पाइपलाइन पर टी-कनेक्शन लगाने का कार्य शुरू कर दिया है। उपायुक्त डॉ. राहुल नरवाल गुरुवार को धरना स्थल पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया और आंदोलन के शांतिपूर्ण समाधान पर खुशी व्यक्त की। हालांकि धरना बुधवार को ही समाप्त घोषित कर दिया गया था लेकिन ग्रामीणों ने धार्मिक परंपरा के अनुसार गुरुवार को सत्संग के उपरांत औपचारिक रूप से धरना स्थल समेटकर आंदोलन का समापन किया। गांव चानौत के ग्रामीण हांसी शहर के लिए बिछाई जा रही भाखड़ा पाइपलाइन से अपने गांव को टी-कनेक्शन देने की मांग को लेकर पिछले 61 दिनों से धरने पर बैठे थे। आंदोलन के दौरान महिलाओं और पुरुषों ने भूख हड़ताल भी की।

इस दौरान कई बार प्रशासन और ग्रामीणों के बीच वार्ता हुई, लेकिन लंबे समय तक कोई समाधान नहीं निकल सका। देखते ही देखते यह मामला पूरे हरियाणा में चर्चा का विषय बन गया। आंदोलन के दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री, राज्य सरकार के दो मंत्रियों, हांसी के विधायक विनोद भयाना, उपायुक्त डॉ. राहुल नरवाल और एसडीएम के साथ कई दौर की बातचीत हुई लेकिन सहमति नहीं बन सकी। आखिरकार बुधवार को केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल की मौजूदगी में हुई बैठक में समाधान निकला और सरकार ने ग्रामीणों की टी-कनेक्शन की मांग स्वीकार कर ली।





**हांसी।** भाखड़ा पाइप लाइन पर टी लगाते कर्मचारी व सत्संग उपरांत धरना समाप्त करने की घोषणा करते धरना कमेटी सदस्य अनूप चानौत।

#### 26 को होगा सम्मान समारोह

*गांव चानौत में हांसी की जलापूर्ति के लिए बिछाई जा रही भाखड़ा पाइपलाइन पर टी-कनेक्शन लगाने का कार्य शुरू होने के बाद ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। आंदोलन की सफलता के उपलक्ष्य में 26 जुलाई को गांव में सम्मान समारोह आयोजित करने की घोषणा की गई है। साथ ही टी-कनेक्शन की मांग स्वीकार किए जाने पर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया गया।*

#### सरकार तुरंत वापस ले ग्रामीणों पर दर्ज मुकदमेः बहबलपुरिया

**हिसार।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने गांव चानौत की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या के समाधान के लिए चार इंच के पेयजल कनेक्शन को मिली स्वीकृति का स्वागत करते हुए इसे ग्रामीणों की एकजुटता, लोकतांत्रिक संघर्ष और जनता के अटूट विश्वास की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि यह सफलता केवल चानौत गांव की नहीं, बल्कि उन किसानों, महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों और आसपास के गांवों के लोगों की भी है, जिन्होंने शांतिपूर्ण आंदोलन में लगातार साथ देकर इसे मुकाम तक पहुंचाया। बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि इस जनआंदोलन की सबसे बड़ी ताकत गांव की एकता रही। विशेष रूप से महिलाओं ने जिस साहस, धैर्य और समर्पण के साथ आंदोलन में भागीदारी निभाई, उसने पूरे संघर्ष को नई दिशा और ऊर्जा दी।

---



**हिसार।** कॉलोनियों का निरीक्षण करते निगमायुक्त सी. जयाश्रद्धा।

### नई अप्रूव्ड कॉलोनियों में विकास कार्यों का जायजा लेने पहुंचीं निगमायुक्त

- सड़कों की गुणवत्ता और जलभराव की स्थिति का किया निरीक्षण

**हिसार।** नगर निगम आयुक्त सी. जयाश्रद्धा ने शहर की नई अप्रूव्ड कॉलोनियों में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने भगत सिंह कॉलोनी और आरएस कॉलोनी का दौरा कर निर्माणाधीन सड़कों, जल निकासी व्यवस्था तथा बरसात के दौरान जलभराव की स्थिति का मौके पर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने गुरुवार को निर्माणाधीन सड़कों की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की और संबंधित निर्माण एजेंसी को निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बरसात के मौसम को देखते हुए निगमायुक्त ने कॉलोनियों में जलभराव की संभावित समस्या का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल निकासी व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावी बनाया जाए और जहां भी बारिश के दौरान पानी जमा होने की संभावना हो, वहां तत्काल आवश्यक कदम उठाकर स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान कार्यकारी अभियंता अमित कौशिक, एमई सुनील लांबा, जेई विकास पूनिया व निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

---

## गंगवा एसटीपी हादसे से प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

- एसटीपी प्लांट में हुई दुर्घटना में एक सफाई कर्मचारी की हो गई थी मौत, जबकि दूसरे का चल रहा है इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गंगवा गांव स्थित एसटीपी प्लांट में हुए हादसे पर पूर्व कर्मचारी नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता एमएल सहगल तथा सेक्टर-33 आरडब्ल्यूए के पूर्व प्रधान एवं सेवानिवृत कर्मचारी संगठन के मंडल संयोजक राजपाल नैन ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि लापरवाही का सबसे बड़ा खामियाजा गरीब और मजदूर वर्ग को भुगतना पड़ता है। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि गंगवा गांव स्थित एसटीपी प्लांट में हुई दुर्घटना में एक सफाई कर्मचारी की मौत हो गई, जबकि दूसरा कर्मचारी अस्पताल में उपचाराधीन है। उनका आरोप है कि ठेका व्यवस्था के तहत कार्य कर रहे मजदूरों को पर्याप्त सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए जाते, जिससे उन्हें जान जोखिम में डालकर जहरीली गैस वाले स्थानों पर काम करना पड़ता है।

#### सुरक्षा नियमों की अनदेखी का नतीजा

**हिसार।** गंगवा गांव के इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन के सीवरेज टैंक में जहरीली गैस की चपेट में आने से 22 वर्षीय युवक मोनू की मौत और सोनू के गंभीर रूप से घायल होने की घटना पर नलवा विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी एवं कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट हरियाणा के स्टेट मीडिया कॉर्डिनेटर एडवोकेट बजरंग इंदल व सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट विनोद गुरी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना जताते हुए इस घटना को प्रशासनिक लापरवाही और सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी का परिणाम बताया।

## सृष्टि इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्कूल मोठ में खेल स्पर्धाएं 20 से

**नारनौंद।** सृष्टि इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्कूल मोठ में 20 जुलाई से नारनौंद ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस आयोजन में नारनौंद ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिताओं के आयोजन से पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी, नारनौंद ब्लॉक के शिक्षा विभाग के अधिकारियों की तरफ से टीम ने विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के खेल मैदानों, खेल सुविधाओं, खिलाड़ियों के ठहरने एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक एवं उत्कृष्ट पाए जाने पर सृष्टि इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्कूल मोठ को ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए चयनित किया गया। साथ ही नारनौंद ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों एवं प्रतिनिधियों ने भी विद्यालय के खेल मैदानों का निरीक्षण किया।

## पीएम के जींद दौरे से पुलिस अलर्ट, हांसी में नाकाबंदी



**हांसी।** जींद रोड़ पर लगाए गए नाकों का निरीक्षण कर पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते डीएसपी विनोद शंकर।

- प्रमुख मार्गों पर वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

पीएम नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित जींद दौरे के मद्देनजर हांसी पुलिस ने जिलेभर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। कानून व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से जिले के प्रमुख एवं संवेदनशील मार्गों पर विशेष पुलिस नाके स्थापित किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती कर वाहनों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में हांसी से जींद की ओर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर नाकाबंदी की गई है। नाकों पर तैनात पुलिस कर्मियों को प्रत्येक वाहन की गहन जांच करने, संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने तथा किसी भी सूचना पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस को भी विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## जीजेयू के मुख्य सभागार में आज होगा पीएम के जींद कार्यक्रम का सीधा प्रसारण



- जिला स्तरीय कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा होंगे मुख्य अतिथि, उपायुक्त व कुलपति नरसी राम बिश्नोई ने तैयारियों का लिया जायजा

**हिसार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 17 जुलाई को जींद में आयोजित होने वाले भारत के पहले हाइड्रोजन ट्रेन के शुभारंभ एवं लगभग 14,700 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हिसार में गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जीजेयू) के मुख्य सभागार में किया जाएगा। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उनके साथ पूर्व मंत्री डॉ कमल गुप्ता, विधायक सावित्री जिंदल, विधायक भव्य बिश्नोई, भाजपा जिला अध्यक्ष आशा खेदड़, मेयर प्रवीन पोपली, जिप अध्यक्ष सोनू सिहाग, हरियाणा वन विकास निगम के अध्यक्ष रवि सैनी की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उपायुक्त महेंद्र पाल ने बुधवार को गुजवि कुलपति नरसी राम विश्नोई, एसडीएम ज्योति मित्तल व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के मुख्य सभागार का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने प्रशासन के संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक व्यवस्था को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए।

## आदमपुर में अतिक्रमण से परेशानी

- पंचायत ने दी खुद सामान हटाने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭आदमपुर

आदमपुर के लगभग हर मुख्य बाजार में इस समय अतिक्रमण की भरमार है, जिसके चलते वाहन चालकों और आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि बाजारों से पैदल गुजरना भी दूभर हो गया है। इसे देखते हुए अब पंचायत एवं पंचायती विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए दुकानदारों से स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने की अपील की है।

अतिक्रमण के कारण आदमपुर के मेन बाजार व बोगा मंडी इलाकों में आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। इस एरिया में दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर फुटपाथों को पार करते हुए 10 से 20 फीट आगे तक सामान फैला रखा है। एडिशनल मंडी व कपड़ा मार्केट में सड़कों पर भवन निर्माण सामग्री (बजरी, सीमेंट, ईंटें) के ढेर लगे हुए हैं। इसके कारण दिनभर धूल उड़ती रहती है, जिससे आसपास के दुकानदारों और राहगीरों का सांस लेना भी मुश्किल हो गया है।



**आदमपुर।** बाजार में दुकानों के आगे किया गया अतिक्रमण। *फोटो : हरिभूमि*

#### जनता ने लगाई प्रशासन से गुहार

दूसरी ओर, स्थानीय निवासियों और त्रस्त लोगों ने पंचायत विभाग और संबंधित उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायत सौंपी है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बाजारों को जल्द से जल्द अतिक्रमण मुक्त कराया जाए ताकि किसी बड़े नुकसान या हादसे से बचा जा सके।

## बास्केटबॉल में मेजबान विज्डम स्कूल चैंपियन

- आदर्श पब्लिक स्कूल, करनाल रहा दूसरे स्थान पर
- सीआईएससीई बोर्ड ने किया जोनल स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

साउथ बाइपास स्थित विज्डम स्कूल में सीआईएससीई बोर्ड द्वारा आयोजित जोनल स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न शहरों के प्रतिष्ठित विद्यालयों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागी विद्यालयों में क्राइस्ट राजा स्कूल, जींद, सेंट पॉल स्कूल, अंबाला, आदर्श पब्लिक स्कूल, करनाल, सेंट कबीर स्कूल, हिसार तथा मेजबान विज्डम स्कूल सहित अन्य विद्यालय शामिल रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ खिलाड़ियों के परिचय एवं खेल भावना के संदेश के साथ हुआ। पूरे दिन चले रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। विभिन्न आयु वर्गों में हुए मुकाबले अत्यंत रोचक एवं प्रतिस्पर्धात्मक रहे। अंडर-14 बालक वर्ग में विज्डम स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर मेज़बान विद्यालय का गौरव बढ़ाया, जबकि आदर्श पब्लिक स्कूल, करनाल द्वितीय तथा सेंट कबीर स्कूल, हिसार तृतीय स्थान पर रहा। अंडर-14 बालिका वर्ग में आदर्श पब्लिक स्कूल ने प्रथम तथा सेंट पॉल स्कूल, अंबाला ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार अंडर-17 बालक वर्ग में क्राइस्ट राजा स्कूल, जींद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।

सेंट कबीर स्कूल, हिसार द्वितीय तथा आदर्श पब्लिक स्कूल, करनाल तृतीय स्थान पर रहा। अंडर-17 बालिका वर्ग में सेंट कबीर स्कूल, हिसार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि विज्डम स्कूल ने द्वितीय एवं सेंट पॉल स्कूल, अंबाला ने तृतीय स्थान हासिल किया।



**हिसार।** स्कूल प्रबंधन के साथ विजेता टीम। *फोटो : हरिभूमि*

#### सर्वांगीण विकास के लिए खेल जरूरी

प्राचार्या नीलम पिलानिया ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों का स्वागत करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों एवं टीमों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागी विद्यालयों, कोचों, निर्णायकों एवं आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया।

## मिर्चपुर का पंचायती झोटा चोरी, दी थाने में शिकायत

**नारनौंद।** गांव मिर्चपुर में अज्ञात चोर गांव का पंचायती झोटा चोरी से ले गए। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। गांव मिर्चपुर के सरपंच प्रतिनिधि अशोक ढांडा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव का पंचायती झोटा था। जो गांव में ही रहता था। बुधवार को वह गायब हो गया। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आस पास काफी तलाश की लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। ग्रामीणों को शक है कि कोई अज्ञात चोर उसको चोरी से कहीं ले गए। इससे ग्रामीणों में रोष बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द गांव के झोटे की तलाश की जाए और जिन लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया है उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर मास्टर चंद्र प्रकाश, मिहिर सिंह, मनीष, कुलदीप, संदीप आदि मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

धर्म-कर्म

### बुधला संत मंदिर, सेक्टर 14 से धूमधाम से निकली जगन्नाथ रथ यात्रा

# जय जगन्नाथ के जयकारों से गूंजा वातावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

श्रीभगवान जगन्नाथ व श्रीजगन्नाथ रथ यात्रा समिति के तत्वाधान में गुरुवार की सायं बुधला संत मंदिर, सेक्टर 14 से ढोल ढमाकों के साथ जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली गई। नगर के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने नाचते-गाते हुए यात्रा में भाग लिया। वृंदावन से आई श्रद्धालुओं की टोली ने हरे कृष्णा हरे रामा की धुन पर खूब नृत्य किया। आसपास के एरिया में निकाली गई इस यात्रा में शामिल हुए श्रद्धालुओं ने पूरा रास्ता गर्मी की परवाह न करते हुए अपने हाथों से रथ को खींचा। समिति के सेवादारों रामधारी गोयल व पवन अग्रवाल ने बताया कि मंदिर प्रांगण से शुरु हुई यात्रा पूरे क्षेत्र में घूमते हुए कोठी नम्बर 1008, सेक्टर 14 पर सम्पन्न हुई। समापन पर मंदिर परिसर में जगन्नाथ की रसोई से भंडारा चलाया गया। 17 जुलाई को विश्राम स्थान पर विदाई समारोह का आयोजन किया जाएगा। सेवादारों ने बताया कि रथ यात्रा के दौरान प्रसिद्ध भजन गायक डॉ. मोहन तनेजा व विशाल मित्तल ने भजनों की वर्षा की। पूरा रास्ते किये गये संकीर्तन में जय जगन्नाथ.. जय जगन्नाथ.., निताई गौर राधे श्याम जपो हरे कृष्णा हरे राम.. आदि भजन गूंजते रहे। रथ यात्रा में हनुमानजी की पावन ध्वजा, विशाल रथ भक्तों द्वारा खींचना, ड्रोन द्वारा रथ पर पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा, भगवान जगन्नाथ का फूल बंगला मुख्य आकर्षण रहे। रथ को विशेष कारीगरों द्वारा सजाया गया। इस अवसर पर समिति से जुड़े सेवादार हनुमान प्रसाद कंसल, सीए राजेश गर्ग, प्रमोद गर्ग, प्रेम खेड़ा वाले, रघुवीर गोयल, अनूप गुप्ता, प्रमोद अग्रवाल, अनिल मित्तल, नीरज अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, अंकुर बंसल एडवोकेट, सीए मुकुल मित्तल, कमल मित्तल आदि थे।



**हिसार।** बुधला संत मंदिर, सेक्टर 14 से निकली भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा में रथ पर सवार भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा व जगन्नाथ रथ को हाथों से खींचते श्रद्धालु।

#### रथ यात्रा में कैबिनेट मंत्री व मेयर भी हुए शामिल

श्रीजगन्नाथ रथ यात्रा समिति से जुड़े सेवादारों आशीष गुप्ता, नंदकिशोर, मोती कंसल व धीरज गर्ग ने बताया कि विधायक सावित्री जिंदल के प्रतिनिधि जगदीश जिंदल के सान्निध्य में निकाली गई रथ यात्रा में केबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। अध्यक्षता शमशान सुधार समिति, ऋषि नगर के उपप्रधान सुरेन्द्र लाहौरिया ने की। नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली अति विशिष्ट अतिथि, पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाला व फतेहाबाद के उपायुक्त डॉ. विवेक भारती विशिष्ट अतिथि रहे।



**बरवाला।** मार्केट कमेटी चेयरमैन प्रवीण सैनी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### अनाजमंडी में चलाया सफाई अभियान

**बरवाला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 जुलाई को जींद में प्रस्तावित आगमन एवं 'हाइड्रोजन ट्रेन' के ऐतिहासिक उद्घाटन के उपलक्ष्य में पूरे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में स्वच्छता ही स्वागत है अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत मंगलवार सुबह अनाज मंडी, वार्ड नंबर 14 में व्यापक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। मार्केट कमेटी बरवाला के चेयरमैन प्रवीन सैनी के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में मंडल संयोजक एवं नगर परिषद के वाइस चेयरमैन तारा चंद, वार्ड पार्षद ज्योति बंसल, पार्षद रामपाल, वाइस चेयरमैन रोशन घनघस, प्रमोद सिवाच व रवीश भयाण सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने श्रमदान कर क्षेत्र की साफ-सफाई की और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सफाई की गईं।